# Windows क्या है? What is Windows

विंडोज एक GUI (Graphical User Interface) ऑपरेटिंग सिस्टम है। Windows Operating System को एक प्रसिद्ध IT Company **Microsoft Corporation** ने Develop किया था। यह ऑपरेटिंग सिस्टम काफी यूजर फ्रेंडली है इसीलिए यह सबसे ज्यादा पॉपुलर है। दुनिया में ज्यादातर कंप्यूटर में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज का इस्तेमाल किया जाता है इसका इंटरफ़ेस बहुत ज्यादा आसान है इसीलिए यह सबसे ज्यादा पॉपुलर बन चुका है।

इस Graphical Interface Operating System के रिलीज होने से पहले लोग MS-DOS Operating System के CLI (Command Line Interface) पर काम किया करते थे। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने सबसे पहला वर्जन 1985 में Windows 1.0 नाम से लांच किया था और आज धीरे-धीरे अपग्रेड करके Windows 10 आ चुका है जिसका इंटरफ़ेस काफी आसान है।

# Windows 7 क्या है

**Windows,** Microsoft corporation द्वारा बनाया गया operating system है। जो उपयोगकर्ता को graphical user interface उपलब्ध करता है। वर्तमान में यह सबसे अधिक उपयोग होने वाला operating system है जिसकी मुख्य वजह इसका user friendly होना है। यह उपयोगकर्ता की जरूरतों को अच्छी तरह से समझता हैपर्सनल कम्प्यूटरों में सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाला ऑपरेटिंग सिस्टम है– विंडोज और विंडोज का अब तक का सबसे प्रचलित और लोकप्रिय संस्करण है 'विंडोज 7' है। vertman main windows 11 naya sanskaran aa gaya hai.

# Features of Windows 7

- **विंडोज ऐरो (Windows Aero):** विंडोज ऐरो को पहली बार विंडोज विस्टा में प्रयोग किया गया था। यह विंडोज का नया ग्राफिकल यूजर इंटरफेस है जो कि हार्डवेयर–आधारित है।पुराने इंटरफेस की तुलना में यह ज्यादा स्पष्ट लुक और सजीव आइकॉन्स प्रदान करता है।

- **फाइल को खोजना (Searching Files):** विंडोज 7 में यह कार्य स्टार्ट मेन्यू में दी गयी सर्च बॉक्स से किया जा सकता है।

- **उन्नत डेस्कटॉप (Improved Desktop):** विंडोज के डेस्कटॉप में कई प्रकार के परिवर्तन करके इस संस्करण के डेस्कटॉप को अब तक का सबसे बेहतरीन लुक प्रदान किया गया है। डेस्कटॉप

Create Computer

के लिए डेस्कटॉप स्लाइडशो नामक टूल का प्रयोग किया गया है, जो डेस्कटॉप को समय–समय पर update karta है।

- **लाइब्रेरी (Library):** विंडोज 7 लाइब्रेरीज (Libraries) नामक एक वर्चुअल फोल्डर दिया गया है, जिसका प्रयोग माइ डॉक्यूमेंट की तरह ही किया जा सकता है। इस फोल्डर में चार सब–फोल्डर होते हैं: डॉक्यूमेंट लाइब्रेरी (Document Librery), म्यूजिक लाइब्रेरी (Music Librery), पिक्चर लाइब्रेरी (Picture Librery) तथा वीडिया लाइब्रेरी ((Video Librery)।

- **टास्कबार (Taskbar):** विंडोज 7 में टास्कबार के फीचर्स में भी काफी बेहतर परिवर्तन किये गये हैं। इसका टास्कबार अपने पिछले संस्करण के टास्कबार की तुलना में 10 पिक्सल चौड़ा है, जिसे आप अपनी सुविधानुसार छोटा भी कर सकते हैं। इस टास्कबार में आइकॉन्स को जोड़ा जा सकता है और उन्हें स्विच भी किया जा सकता है। यह सुविधा क्विक लाँच टूलबार की तरह कार्य करता है, लेकिन बेहतर तरीके से।

- **थम्बनेल प्री–व्यू (Thumbnail Preview):** टास्कबार में ओपन किसी भी विंडो के आइकॉन पर जब आप माउस का कर्सर ले जाते हैं, तो विंडोज एक छोटी विंडो स्क्रीन के रूप में उसका प्रीव्यू दिखाता है, ताकि आपको यह पता चल सके कि उस विंडो में क्या दिया गया है, जैसे यदि आप आपके कम्प्यूटर में कोई वेब ब्राउजर ओपन है, जिसमें गूगल ओपन है,तो इस प्री–व्यू में आपको गूगल का वेबपेज दिखायी देगा

- **स्टार्ट मेन्यू (Start Menu):** इसमें एक ही पावर बटन है, जिसे आप किस रूप में प्रयोग करना चाहेंगे, यह आप खुद निर्धारित कर सकते है (जैसे: Turn off, Sleep, Restart T Log off), सर्च विकल्प को सर्च टेक्स्ट बॉक्स (Text Box) के रूप में दिया गया है। Document, Music तथा Picture जैसे फोल्डर्स के अतिरिक्त यूजर के नाम का फोल्डर भी दिया गया है, जिसमें उसके निजी डॉक्यूमेंट्स होंगे।

- **ऐरो पीक (Aero Peek):** विंडोज-7 में यहाँ एक नया टूल जोड़ा गया है, जिसे 'ऐरो पीक' कहते हैं। इस बटन का प्रयोग डेस्कटॉप और गैजेट्स प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है तथा यदि इस पर क्लिक कर दिया जाये, तो सारे प्रोग्राम्स मिनीमाइज हो जाते हैं और दोबारा क्लिक करने पर मेक्सीमाइज।

Create Computer

## विंडोज Opreting System

**विंडोज** OS पांच **प्रकार के होते** है जैसे –

1. Single User OS,
2. Multiple User OS,
3. Multitasking OS,
4. Multi-Threading OS,
5. Multiprocessing OS है.

## विंडोज 7 के घटक ( Components of Windows 7 )

**डेस्कटॉप (Desktop)** –

कम्प्यूटर पूरी तरह आरम्भ होने के बाद आपको जो सबसे पहली चीज या स्क्रीन दिखती है वह है, विंडोज का इस डेस्कटॉप। इस स्क्रीन को डेस्कटॉप इसलिए कहा जाता है, क्योंकि जिस प्रकार से हमारे घर की डेस्क यानी मेज पर हमारे कई आवश्यक डाक्यूमेंट्स होते हैं, उसी प्रकार, से विंडोज के डेस्कटॉप पर हमारि जरूरत की सभी चीजें मौजूद होती हैं, जैसे कि आइकॉन, टास्कबार, स्टार्ट बटन आदि। इसे विंडोज का आधार भी माना जा सकता है, क्योंकि हमारी कम्प्यूटिंग के सारे कार्य डेस्कटॉप से ही शुरू होते हैं।

डेस्कटॉप में कई ऑब्जेक्ट पाये जाते हैं, जिनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं–

- रिसाइकिल बिन (Recycle Bin)
- यन्त्र (Gadgets)
- टास्कबार (Taskbar)
- स्टार्ट बटन
- फाइल्स तथा फोल्डर

**रिसाइकिल बिन (Recycle Bin)**

Create Computer

अपने ऑफिस में कार्य करते हुए जब हमारे लिए किसी कागज या अन्य डॉक्यूमेंट किसी काम नहीं रह जाता, तो हम उस फाड़कर डस्टबिन में फेंक देते हैं। विंडोज की रिसाइकिल बिन भी हमारे लिए यही कार्य करती है। अपने कम्प्यूटर में जब हम किसी अनावश्यक फाइल को डिलीट करते हैं, तो ड्राइव से मिटती नहीं है बल्कि रिसाइकिल बिन नामक फोल्डर में आकर सेव (सुरक्षित) हो जाती है, रिसाइकिल बिन से पुन: उसे एक्सेस किया जा सके।

**गैजेट्स (Gadgets)**

विंडोज-7 में 8 गैजेट्स असल में कुछ विशेष एप्लीकेशंस हैं, जो विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं, जैसे दिनांक प्रदर्शित करने के लिए 'Calendar' गैजेट, एनालॉग घड़ी के रूप में 'clock' गैजेट और मौसम की जानकारी तथा तापमान पता करने के लिए 'Weather' टूल ।

**माउस पॉइन्टर (Mouse Pointer)**

माउस पॉइन्टर डेस्कटॉप पर दिखायी देने वाला एक तीरनुमा (Arrow Shaped) चित्र होता है, जो कि कम्प्यूटर में माउस की उपस्थिति को दर्शाता है। माउस का उपयोग करके किसी भी वस्तु का चयन काने के लिये माउस पॉइन्टर हमारी सहायता करता हैं। माउस पॉइन्टर अलग–अलग कार्यों के लिए अलग–अलग चित्रों को प्रदर्शित करता है

**टास्कबार (Taskbar)**

डेस्कटॉप में निचले स्तर पर स्थित वह स्ट्रिप जहाँ स्टार्ट बटन, नोटिफिकेशन एरिया, ऐरो पीक बटन आदि मौजूद होते हैं और जहाँ सभी ओपन प्रोग्राम व्यवस्थित तौर पर स्थित होते हैं, उसे 'टास्कबार' कहते हैं यानी ऐसा बार जिसका प्रयोग कम्प्यूटर के विभिन्न कार्य (टास्क) करने के लिए किया जाता हैं। इसे हम एक दराज मान सकते हैं, जहाँ हमारे सारे ओपन प्रोग्राम्स रखे होते हैं, जिन्हें हम अपनी आवश्यकतानुसार एक्सेस कर सकते हैं। जब आप किसी प्रोग्राम को मिनीमाइज करते हैं, तो वह टास्कबार में अपने–आप स्टोर हो जाता है, जहाँ क्लिक करके उसे दोबारा एक्सेस किया जा सकता है। यदि आप उस प्रोग्राम को बन्द कर देते हैं, तो उसका आइकॉन भी टास्कबार से गायब हो जायेगा।

**स्टार्ट बटन (Start Button)**

विंडोज-7 का स्टार्ट मेन्यू हमें स्टार्ट मेन्यू के सभी तत्व प्रदान करता है, साथ ही साथ डेस्कटॉप में बने प्रोग्राम्स शॉर्टकट्स, प्रोग्राम्स को एक्सेस करने की सुविधा भी देता है, जैसे कम्प्यूटर, इंटरनेट एक्सप्लोरर, डॉक्यूमेंट तथा कंट्रोल पैनल। इन सबके अतिरिक्त हम स्टार्ट मेन्यू को अपनी आवश्यकतानुसार कस्टमाइज भी कर सकते है, जिससे इसे उपयोग करना और भी सरल हो जाता है।

Create Computer

**कम्प्यूटर (Computer)**

विंडोज 95 से विंडोज एक्सपी तक चले आये ‘माइ कम्प्यूटर प्रोगाम‘ को विंडोज विस्टा में कम्प्यूटर टूल में परिवर्तित कर दिया गया, जहाँ से हइसका पुराने संस्करणों की तरह ही कम्प्यूटर के विभिन्न घटकों (हार्ड ड्राइव में सेव सभी फाइल्स) को एक्सेस किया जा सकता है।

## विंडो की संरचना ( Structure of a Windows 7 )

GUI पर आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम्स में विंडोज जैसी सुविधाओं का उपयोग करके, हम अब एक साथ कई प्रोग्राम्स को रन कर सकते हैं ।

विंडोज वास्तव में एक आयताकार फ्रेम या बॉक्स होते हैं, जो सम्बन्धित प्रोग्राम्स तथा फंक्शंस का उपयोग करने के लिए एक इण्टरफेस प्रदान करते हैं। प्रत्येक ओपन विंडोज में हम कुछ विशेष तत्व दिखायी देते हैं, जिनका उपयोग करके हम उस विंडोज से सम्बन्धित कार्य करते हैं।

ज्यादातर विंडोज में बहुत से घटक समान होते है। यहाँ विंडो के उन घटकों के बारे में बताया गया है, जो लगभग सभी विंडो में पाये जाते हैं।

**टाइटल बार (Title Bar):** किसी भी प्रोग्राम विंडो का सबसे ऊपरी भाग उसका टाइटल बार होता है जहाँ सेव (सुरक्षित) किये गये प्रोग्राम का नाम दिखायी देता है।

**सिस्टम मेन्यू (System Menu):** सिस्टम मेन्यू का प्रयोग ओपन विंडो को मूव, मिनिमाइज रिस्टोर, क्लोज, मैक्सीमाइज करने के लिए किया जा सकता है।

**कंट्रोल बटन्स (Control Buttons):** इन बटनों का प्रयोग ओपन विंडो को कंट्रोल करने के लिए किया जाता है, जैसे विंडो को मिनिमाइज, मैक्सीमाइज, रिस्टोर या बन्द करने के लिए।

- **मिनिमाइज बटन (Minimize Button):** ओपन विंडो को टास्कबार में मिनीमाइज करने के लिए।
- **मैक्सीमाइज बटन (Maximize Button):** प्रोग्राम विंडो को छोटे आकार से पूरी स्क्रीन पर विस्तारित करने के लिए।

Create Computer

- **रिस्टोर बटन (Restore Button):** विंडो के पूर्ण स्क्रीन पर विस्तारित होने के बाद मैक्सीमाइज बटन रिस्टोर बटन में परिवर्तित हो जाती है। इससे विंडो को वापस पुराने में लाया जा सकता है।

- **क्लोज बटन (Close Button):** इस बटन का उपयोग हम अपनी प्रोग्राम विंडो को बन्द करने के लिए करते हैं।

## फाइल और फोल्डर क्या है (what is File and Folder)

**फाइल्स –** कम्प्यूटर में वह सिस्टम जिसका प्रयोग किसी भी प्रकार की सूचना को स्टोर करने के लिए किया जाता है उसे फाइल कहते है। कम्प्यूटर में हर सूचना फिर चाहे वह कोई वेबपेज हो या कोई सॉफ्टवेयर, सब एक फाइल ही हैं। आसान से शब्दों में, कम्प्यूटर की फाइल आपके ऑफिस के वर्क डॉक्यूमेंट्स या उनके पुस्तकों की तरह होती है जिसमें किसी भी जानकारी को स्टोर किया जा सकता है।

**फोल्डर -** यह वह स्थान है जहां हम अपनी फाईल को सुरक्षित या सेव रखते हैं.

## आइकॉन (Icon) -

डेस्कटॉप में प्रत्येक ऑब्जेक्ट या फाइल को एक छोटे चित्र द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, जिसके नीचे उसका नाम भी लिखा होता है। इस चित्र को आइकॉन (Icon) कहा जाता है।

Create Computer